NAVBHARAT TIMES, Delhi, 26.5.2019
Page No. 13, Size:(6.92)cms X (7.21)cms.

आधार से मिली 4 साल पहले बिछड़ी बच्ची

एनबीटी न्यूज, हिसार : फतेहाबाद जिले के जाखल क्षेत्र से 4 साल पहले 5 साल की उम्र में गुम हुई एक बच्ची अब पंजाब के अमृतसर के नारी निकेतन में मिली है। अमृतसर में लावारिस जिंदगी जी रही इस बच्ची के परिजनों के बारे में पता तब चला, जब अमृतसर के नारी निकेतन के कर्मचारी उसका आधार कार्ड बनाने के लिए उसे एक आधार सेंटर में लेकर पहुंचे। जब उसके फिंगर प्रिंट लिए गए तो लड़की का पूरा बायोडाटा सामने आ गया। पंजाब पुलिस और नारी निकेतन के स्टाफ के लोग शुक्रवार को बच्ची को लेकर फतेहाबाद के जिला बाल संरक्षण अधिकारी के दफ्तर में पहुंचे, जहां बच्ची उसके परिवार को सौंपी गई।